(c) No, Sir.

(d) Does not arise

''सेल'' द्वारा सी.टी.डी. छड़ों की विक्रय की दर

2522. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया: क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च, 1994 तक स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा सी.टी.डी. छड़ों की बिक्री की ग्रासिक दर क्या रही है, और

(ख) क्या ''सैल'' के उत्पादों को उपभोक्ताओं को खुले बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव): (क) और (ख) अप्रैल, 1993 से मार्च, 1994 के दौरान स्टील अथारिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) ने लगभग 3,84,200 टन टार इस्पात (सी.टी.डी./टी.एम.टी. छड़) की घरेलू बिक्री की। इस अवधि के लिए औसत मासिक दर लगभग 32,000 टन मासिक बनती है। टार स्टील (सी.टी.डी./टी.एम.टी. छड़) की सप्लाई सेल द्वारा अपने वितरण केन्द्रों के जरिए और/अथवा प्रयोक्ताओं की अपनी आवश्यकता अनुसार सीधे प्रेषण के आधार पर की जाती है।

नई कृषि नीति का कार्यान्वयन

2523. श्री शंकर दयाल सिंह: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संसद द्वारा अनुमोदित नई कृषि नीति को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; और

(ख) क्या इस संबंध में राज्य सरकारों से एक बार फिर चर्चा की जाएगी?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम): (क) नई कृषि नीति के कार्यान्वयन की कोई सुनिश्चित अवधि बता पाना संभव नहीं है। तथापि कृषि नीति पर कार्रवाई संबंधी कतिपय मुद्दों का पहले ही कार्यान्वयन किया जा रहा है।

(ख) राज्य सरकारों से पुन: विचार विमर्श करने का कोई प्रस्ताव इस समय विचाराधीन नहीं है क्योंकि 5 मार्च, 1993 को आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन के दौरान राज्य सरकारों के विचार प्राप्त कर लिए गए थे।

गुजरात में शहरी बुनियादी सेवाएं

2524. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी: क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के वर्षों के दौरान गुजरात के कौन-कौन से शहरों को गरीबों हेतु ''शहरी बुनियादी सेवा'' के तहत लाया गया;

(ख) इनका ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन उद्देश्य के लिए आवंटित धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) 1995-96 के वर्ष के लिए इस उद्देश्य के लिए सरकार ने कितनी धनराशि जारी करने का निर्णय किया है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन): (क) तथा (ख) गरीबों के लिए शहरी बुनियादी सेवाओं की स्कीम वर्ष 1992-93 से गुजरात राज्य में 28 कस्बों में कार्यान्वित की जा रही है। विवरण के रूप में कस्बों की सूची संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान रिलीज की गई धनराशि का केन्द्रीय अंश इस प्रकार है:-

1992-93	1993-94	1994-95
	(लाख रुपयों में)	
44.60	69.60	63.45

(घ) वर्ष 1995-96 के लिए केन्द्रीय अंश के रूप में 64.25 लाख रुपये का अंतरिम नियतन किया गया है।

विवरण

गुजरात राजय में यू.बी.एस.पी. स्कीम के तहत शामिल कस्बों की सूची

1. अहमदाबाद	15. राजपिपला
2. सूरत	16. जम्बूसर
3. भावनगर	17. डीसा
4. जामनगर	18. सुरेन्द्र नगर
5. मेहसाणा	19. द्रांगधरा
6. नाडियाड	20. वाधवान
7. अंजार	21. लिम्बडी
8. पालमपुर	22. वीरावल्लपटन
9. जुनागढ़	23. पोरबन्दर
10. विसनगर	24. बारदोली
11. नंगरोल	25. कलोल
12. आनन्द	26. व्यारा
13. भरूच	27. उना
14. अंकलेश्वर	28. केशोद